आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 03.09.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में नई दिल्ली में वस्तु और सेवा कर– जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक शुरू।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा– प्रदेश में महक क्रांति नीति, रोजगार के अवसर प्रदान करने में सहायक होगी।
- रुद्रपुर फोरेंसिक लैब में जेनेटिक एनेलाइजर मशीन स्थापित होने से डीएनए जांच में तेजी आएगी।
- प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश से थोड़ी राहत। बाधित सड़कों को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी।

---

**जीएसटी परिशद बैठक**

वस्तु और सेवा कर– जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक आज नई दिल्ली में शुरू हो गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन बैठक की अध्यक्षता कर रही हैं। इस बैठक में अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर विचार–विमर्श होने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस संबोधन में कहा था कि वस्तु और सेवा कर से देश को व्यापक लाभ हुए हैं। उन्होंने जीएसटी के तहत सुधारों पर बल देते हुए कहा था कि इससे आवश्यक वस्तुओं पर करों में कटौती होगी और स्थानीय रेहड़ी–पटरी वालों तथा उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

---

**जेनेटिक एनेलाइजर**

कुमाऊं मंडल में अपराधों की जांच में मददगार डीएनए सैंपल रिपोर्ट अब पुलिस को जल्द मिल सकेगी। ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर में स्थापित विधि विज्ञान प्रयोगशाला यानी फोरेंसिक लैब में जेनेटिक एनेलाइजर मशीन स्थापित होने से डीएनए रिपोर्ट जल्द मिलेगी। फोरेंसिक लैब में ऊधमसिंह नगर, नैनीताल, चंपावत, बागेश्वर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ से विभिन्न आपराधिक मामलों में सैंपल जांच के लिए पुलिस की ओर से भेजे जाते हैं। अब तक लैब से 400 सैंपलों की जांच कर रिपोर्ट संबंधित जिलों को भेजी जा चुकी है। अब इन छह जिलों से आने वाले सैंपलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए लैब में जेनेटिक एनेलाइजर मशीन स्थापित की गई है। फोरेंसिक लैब के प्रभारी संयुक्त निदेशक डॉ. एम के अग्रवाल ने बताया कि लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से लैब में जेनेटिक एनेलाइजर मशीन लगाई गई है। इसकी मदद से एक साथ 24 डीएनए सैंपल की जांच की जा सकती है और रिपोर्ट जल्द संबंधित जिले की पुलिस को भेजी जा सकेगी।

---

**भूमि अधिग्रहण**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ, क्षेत्रीय कार्यालय, हल्द्वानी ने नैनीताल तहसील के अंतर्गत हिन्दुस्तान मशीन टूल्स की रानीबाग स्थित भूमि को अधिग्रहित किया है। भविष्य निधि आयुक्त आकाश वर्मा ने आकाशवाणी को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिष्ठान के खिलाफ एक अर्ध न्यायिक जाँच के बाद यह कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि हिन्दुस्तान मशीन टूल्स द्वारा मार्च 1986 से अक्टूबर 2012 तक प्रतिष्ठान में कार्यरत रहे कर्मचारियों के भविष्य निधि अंशदान भुगतान में लगभग 11 करोड़ रुपये की बकाया धनराशि का भुगतान नहीं किया गया था।

---

**बेस अस्पताल निरीक्षण**

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने बेस अस्पताल कोटद्वार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, उपकरणों और संसाधनों की सूची को अद्यतन रखने, ई–औषधि पोर्टल के संचालन को सुनिश्चित करने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय को विश्व स्तरीय अस्पताल के रूप में विकसित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता से कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने दंत चिकित्सा इकाई में आर.सी.टी. सेवा शुरू कराने, जच्चा–बच्चा वार्ड और एम्बुलेंस की स्थिति की नियमित जांच करने, चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता और साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही, योजनाओं और मेडिकल टेस्ट की जानकारी आमजन तक पहुँचाने के लिए डिस्प्ले बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों की बैठक लेते हुए आवश्यक संसाधनों और व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।

---

**कृशि मंत्री**

कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून में संगध पौंध केन्द्र की समीक्षा की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि प्रदेश में महक क्रांति नीति के विस्तार के लिए वर्ष 2025 से वर्ष 2047– विकसित भारत संकल्प तक की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके तहत पहले चरण में 22 हजार 750 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर कार्य किया जाएगा, जिससे लगभग एक हजार 50 करोड़ रुपये का टर्नओवर और 91 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे। कृषि मंत्री ने बताया कि महक क्रांति नीति के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न जिलों में औषधीय व सुगंधित पौधों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विशेष वैली विकसित की जाएंगी। इनमें चमोली और अल्मोड़ा में डैमस्क रोज़ वैली, चम्पावत और नैनीताल में सिनॉमन वैली, पिथौरागढ़ में तिमूर वैली, हरिद्वार और पौड़ी में लैमनग्रास वैली और ऊधमसिंह नगर व हरिद्वार में मिन्ट वैली शामिल हैं। श्री जोशी ने कहा कि महक क्रांति नीति, प्रदेश के किसानों के लिए गेमचेंजर साबित होगी और इससे सुगंधित खेती को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस महत्वाकांक्षी योजना का ड्राफ्ट शीघ्र ही मंत्रिमंडल की बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं।

.............................................

**ओपीडी शुभारम्भ**

धार्मिक नगरी हरिद्वार में भूमानंद अस्पताल के नये ओपीडी भवन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने इस पहल को 'सेवा और श्रद्धा' का संगम बताया। पत्रकारों से बातचीत में श्री सहगल ने कहा कि हरिद्वार जैसे तीर्थस्थल पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि धार्मिक और स्वयंसेवी संस्थाओं को आगे आकर इस तरह के कार्यों में भागीदारी करनी चाहिए।

श्री सहगल ने बताया कि प्रसार भारती की पहुंच लगभग सात करोड़ लोगों तक हो चुकी है और इसे 10 करोड़ लोगों तक पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि साफ–सुथरे पारिवारिक मनोरंजन और सूचना के लिए फ्री डिश एक कारगर माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम घर–घर तक पहुंच रहा है। ये कार्यक्रम आम लोगों की प्रेरणादायक कहानियों को राष्ट्रीय मंच पर ला रहा है और देश को जोड़ने का काम कर रहा है।

.............................................

**मौसम**

राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आज बारिश से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि पर्वतीय इलाकों में भूस्खलन और मलबा आने से कई सड़कें बाधित हैं, जिन्हें खोलने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। मौसम विभाग ने आज देहरादून, रुद्रप्रयाग और उत्तरकाशी जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम की चेतावनी को देखते हुए राज्य के कुछ जिलों में आज कक्षा एक से 12 तक के सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है।

.............................................

**रीप परियोजना**

हरिद्वार की मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने नारसन विकासखंड में ग्रामोत्थान रीप परियोजना के सहयोग से स्थापित बीज बैंक का निरीक्षण किया। यह बीज बैंक नारसन के मखदुमपुर में स्थित नारी शक्ति सीएलएफ में स्थापित है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बीज बैंक के प्रमाणीकरण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने सीएलएफ की महिला सदस्यों के साथ बातचीत की और फसलों की उपज और बीजों की गुणवत्ता के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रमाणीकरण से बीजों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी, जिससे किसानों को बेहतर उपज मिलेगी। प्रमाणिकरण प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए उन्होंने जिला परियोजना प्रबंधक और खंड विकास अधिकारी को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय पर प्रमाणीकरण होने से यह बीज बैंक अपनी पूरी क्षमता से काम कर पाएगा और स्थानीय किसानों को लाभ पहुंचा सकेगा।

.............................................